**2021/TDC/CBCS/ODD/HINDSE–501T (A/B)/222**

**TDC (CBCS) Odd Semester Exam., 2021**
**held in March, 2022**

# HINDI

**( 5th Semester )**

Course No. : HINDSE–501T

*Full Marks* : 70

*Pass Marks* : 28

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

( For Honours Students Group—A and for Pass Students Group—B )

## GROUP—A

**( For Honours Students only )**

**( Sahityakar Vishesh : Kabirdas )**

**खण्ड—क**

निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर दीजिए : 2×10=20

**1.** "जब गोबिंद कृपा करो, तब गुरु मिलिया आई" —का भाव स्पष्ट कीजिए।

2. संत-काव्य का अर्थ लिखिए।

3. कबीर के अनुसार पंचमकार क्या हैं?

4. "निर्गुण राम जपहुँ रे भाई"—का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

5. अद्वैतवाद का अर्थ लिखिए।

6. साखी का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

7. "हम न मरैं मरिहैं संसारा" —का आशय लिखिए।

8. कबीर के काव्य में किन छंदों का प्रयोग हुआ है?

9. 'अप्रस्तुत विधान' का अर्थ लिखिए।

10. "हरि जननी मैं बालक तोरा" —का आशय लिखिए।

11. "जतन बिन मृगनि खेत उजारे" —का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

12. "माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि इवैं पड़ंत" —का भाव स्पष्ट कीजिए।

13. कबीर के अनुसार सतगुरु कैसा होना चाहिए?

14. कबीर के राम कहाँ रहते हैं?

15. 'रहस्य-साधना' का अर्थ लिखिए।

## खण्ड—ख

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×5=50

**16.** निर्गुण ज्ञानमार्गी कवि के रूप में कबीर का मूल्यांकन कीजिए।

**17.** निर्गुण भक्ति-काव्य की पूर्वपीठिका पर प्रकाश डालिए।

**18.** कबीर की भक्ति-भावना पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**19.** कबीर की दार्शनिक चेतना को स्पष्ट कीजिए।

**20.** "कबीर के काव्य में व्यंग्य की अपूर्व सामर्थ्य है।" इस कथन के आलोक में कबीर की व्यंग्य-दृष्टि का मूल्यांकन कीजिए।

**21.** कबीर की काव्य-कला को स्पष्ट कीजिए।

**22.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जाका गुर भी अंधला, चेला खरा निरंध।  
अंधै अंधा ठेलिया, दून्यूं कूप पड़ंत॥  
नां गुर मिल्या न सिपभया, लालच खेल्या डाव।  
दून्यूं बूड़े धार मैं, चढ़ि पाथर की नाव॥

**23.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

भली भई जु गुर मिल्या, नहीं तर होती हांणि।  
दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जांणि॥  
माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि इवैं पड़ंत।  
कहै कबीर गुर ग्यान थैं, एक आध उबरंत॥

**24.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

एक अचंमा देखा रे भाई ठाढ़ा सिंध चरावै गाई।
पहलैं पूत पीछैं भई माइ, चेला कै गुर लागै पाई॥
जल की मछली तरवर व्याई, पकड़ि बिलाई मुरगै खाई।
बैलहि डारि गूंनि घरि आई, कुत्ता कूंलै गई बिलाई॥

**25.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दुलहनी गावहू मंगलाचार।
हम घरि आये हो राजा राम भरतार।
तन रत करि मैं मन रत करि हूँ, पंच तत बराती।
राम देव मोरै पाहुनै आये, मैं जीवन मैं माती॥

## GROUP—B

### ( For Pass Students only )

### ( Chhayavadottar Hindi Kavita )

### खण्ड—क

निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **बीस** के उत्तर दीजिए : 1×20=20

1. 'पथ की पहचान' कविता में कवि ने पथ पर चलने के पहले क्या करने को कहा है?

2. पथ की पहचान किस प्रकार की जा सकती है?

3. 'इस पार-उस पार' कविता के कवि कौन हैं?

4. 'इस पार-उस पार' से कवि का क्या अभिप्राय है?

5. रामधारी सिंह दिनकर किस भावधारा के कवि हैं?

6. दिनकर ने हिमालय पर्वत को किस नाम से संबोधित/अभिहित किया है?

7. 'घिर गया समय का रथ' कविता के कवि कौन हैं?

8. 'पक्षी दिन' कविता के रचयिता कौन हैं?

9. 'बात बोलेगी' कविता के कवि कौन हैं?

10. केदारनाथ अग्रवाल किस विचारधारा के कवि हैं?

11. 'पंद्रह अगस्त' कविता के कवि कौन हैं?

12. 'रात हेमंत की' कविता में किस ऋतु के बारे में कहा गया है?

13. 'रात हेमंत की' कविता में 'हेमंत' किसका प्रतीक है?

14. 'मंगल वर्षा' कविता किसका प्रतीक है?

15. 'अरी सुहागिन' संबोधन किसके लिए आया है?

16. 'धूमिल' का पूरा नाम क्या है?

17. 'सुहागिन का गीत' कविता के रचनाकार कौन हैं?

18. 'मोचीराम' कविता में किसकी स्थिति का वर्णन किया गया है?

19. 'सुहागिन का गीत' कैसी कविता है?

20. 'विवशता' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

21. केदारनाथ सिंह किस काव्यधारा के कवि हैं?

22. केदारनाथ सिंह की कविता 'मुक्ति' में किसकी मुक्ति की बात कही गई है?

23. 'रोटी' कविता में 'रोटी' किसका प्रतीक है?

**24.** 'विदा का कोई समय नहीं' कविता के रचनाकार कौन हैं?

**25.** 'तोतों से बची पृथ्वी' कविता के कवि कौन हैं?

## खण्ड—ख

निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**26.** "पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले" —इसमें बटोही किसे कहा गया है?

**27.** कवि ने पथिक को किस पर मुग्ध होने से मना किया है?

**28.** 'घिर गया समय का रथ' कविता में किस समय की बात कही गई है?

**29.** 'खेत का दृश्य' कविता में कहाँ का चित्रण है?

**30.** 'पंद्रह अगस्त' कविता में किस समय का वर्णन है?

**31.** 'मंगल वर्षा' कविता का मूल स्वर क्या है?

**32.** 'मोचीराम' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

**33.** 'विवशता' कविता के आधार पर प्रेम में कैसी स्थिति होती है?

**34.** 'रोटी' शीर्षक कविता का मूल संदेश क्या है?

**35.** अशोक वाजपेयी की दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

## खण्ड—ग

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 8×5=40

**36.** बच्चन जी की साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**37.** रामधारी सिंह दिनकर जी की कविता 'गीत-अगीत' के केन्द्रीय भाव को लिखिए।

**38.** 'बात बोलेगी' कविता के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए।

**39.** 'बात बोलेगी' कविता सच्चाई के पक्ष में कही गई है। इस पंक्ति पर प्रकाश डालिए।

**40.** "केदारनाथ अग्रवाल को प्रकृति का कवि कहा जाता है।" 'खेत का दृश्य' कविता के आधार पर समीक्षा कीजिए।

**41.** 'पंद्रह अगस्त' शीर्षक कविता के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए।

**42.** सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**43.** 'सुहागिन का गीत' कविता का प्रतिपाद्य प्रस्तुत कीजिए।

**44.** केदारनाथ सिंह की कविता में व्याप्त काव्य-सौन्दर्य को प्रस्तुत कीजिए।

**45.** "'पूर्वजों की अस्थियों में' कविता में कवि ने अतीत में गहरी आसक्ति और अत्याधुनिक चेतना के बीच समन्वयहीनता को रेखांकित किया है।" इसकी समीक्षा कीजिए।

★★★